अनुक्रमांक ____________________

Code : 112017-302-A

*कृपया जाँच ले इस प्रश्न पत्र में **13** प्रश्न तथा **8** पृष्ठ है।*

# कक्षा-ग्यारहवीं
# विषय-हिंदी (केंद्रिक)

**निर्धारित समय : तीन घंटे** | **अधिकतम अंक: 90 +10**

***निर्देश :***

*(i) इस प्रश्न-पत्र के तीन खंड हैं–क, ख और ग।*

*(ii) तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: लिखिए।*

## खंड-'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

भारतीय कपड़े अपने खूबसूरत रंगों और डिजाइनों के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं। दुनिया के किसी भी अन्य देश में विविध संस्कृति तथा विभिन्न प्रकार की वस्त्र परंपराओं में ऐसा करीबी रिश्ता नहीं रहा है, जैसा भारत में है। राजस्थान का बांधनी हो, बंगाल का कांथा हो, गुजरात का तनछुई हो या तमिलनाडु का कांजीवरम, प्रत्येक कपड़े पर क्षेत्रीय संस्कृति एवं परंपरा की स्पष्ट छाप है। बनारसी सिल्क, ओडिशा सिल्क, तसर, मूंगा और चंदेरी ऐसे ब्रांड हैं, जो दुनिया भर में मशहूर हैं और सराहे जाते हैं। सूती कपड़ों के उत्पादन और प्रयोग के मामले में भारत हमेशा से आगे रहा है। धोती-कुर्ता हो, साड़ी हो या लहंगा हो, सूती कपड़ा ऐतिहासिक रूप से आम आदमी का ही कपड़ा रहा है। कपास का बड़ा उत्पादक होने के कारण सूती कपड़े का उद्योग एक समय इतना महत्त्वपूर्ण था कि ब्रिटेन के सूती उद्योग के लिए वह खतरा बन गया। इतना बड़ा खतरा बन गया कि अपने वस्त्र उत्पादन उद्योग को बचाने के लिए अंग्रेजों को कई नीतियाँ लानी पड़ीं ताकि भारत के सूती कपड़ों को दुनिया भर में पहुँचने से रोका जा सके और भारतीय ग्राहकों को उनका ही सूती कपड़ा खरीदने के लिए मजबूर किया जा सके। राष्ट्रीय आंदोलन खड़ा होनेके पीछे ब्रिटिश सरकार की ये हरकतें भी बड़ी वजह हैं। इसके कारण ही खादी आजादी का प्रतीक बन गई।

समय गुजरता गया और खादी बड़ी आबादी विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को आजीविका का सम्मानजनक साधन मुहैया कराने वाली अमूल्य विरासत बन गई। लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की खादी की क्षमता देखकर प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम की एक कड़ी में भारत के युवाओं से कम

से कम खादी का एक परिधान अपनाने की अपील की थी। खादी सबसे साफ और सबसे अधिक टिकाऊ कपड़ा भी है, जो पर्यावरण के लिहाज से प्रतिकूल आधुनिक सिंथेटिक रेशों का मजबूत विकल्प मुहैया करा सकता है। हथकरघा एक अन्य विविधता भरा तथा पर्यावरण के अनुकूल क्षेत्र है, जिसमें समृद्ध प्राचीन परंपरा तथा आधुनिक नई पद्धतियों का संगम होता है। प्रधानमंत्री के शब्दों में हमें पारंपरिक हथकरघा उत्पादों को उनका उचित स्थान प्रदान करने तथा उन्हें भारत और दुनिया भर में फैशन का केंद्र बनाने की आवश्यकता है।

(क) भारतीय संस्कृति तथा वस्त्र परंपराओं का परस्पर क्या संबंध है, किन-किन क्षेत्रों के वस्त्रों पर यहाँ की संस्कृति की छाप दिखाई पड़ती है? 2

(ख) कौन-कौन से भारतीय वस्त्र विश्व में प्रसिद्ध हैं और क्यों? 2

(ग) भारती सूती वस्त्र उद्योग ने ब्रिटेन को किस प्रकार चुनौती दी? 1

(घ) ब्रिटिश सरकार ने क्या किया, खादी आज़ादी का प्रतीक कैसे बन गई? 2

(ङ) प्रधानमंत्री ने किस कार्यक्रम में युवाओं से क्या अपील की? 2

(च) खादी की क्या विशेषता है? 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

मैंने देखा–
एक बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा है
उसके नीचे
कुछ छोटे-छोटे पौधे
बड़े सुशील विनम्र
देखकर मुझको यों बोले–
हम भी कितने खुशकिस्मत हैं
जो खतरों का नहीं सामना करते।
आसमान से पानी बरसे, आगी बरसे
आँधी गरजे
हमको कोई फिक्र नहीं है
एक बड़े की वरद छत्र-छाया के नीचे
हम अपने दिन बिता रहे हैं।

बड़े सुखी हैं।
मैंने देखा–
एक बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा है
उसके नीचे कुछ छोटे-छोटे पौधे
असंतुष्ट और रुष्ट
देखकर मुझको यों बोले–
हम भी कितने बदकिस्मत हैं
जो खतरों का नहीं सामना करते
वे कैसे ऊपर को बढ़ सकते हैं।
इसी बड़े की छाया ने ही
हमको बौना बना रखा है
हम बड़े दुखी हैं।

(क) प्रस्तुत कविता में बरगद और छोटे पौधे किसका प्रतीक है? 1

(ख) पहले अंश के पौधे स्वयं को खुशकिस्मत क्यों समझते हैं? 1

(ग) दूसरे अंश के पौधे असंतुष्ट क्यों हैं? 1

(घ) विकास के लिए क्या आवश्यक है? 1

(ङ) दोनों पौधों में से किसका दृष्टिकोण आपको प्रभावित करता है? क्यों? 1

## खंड-'ख'

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 10

(क) विज्ञापनों की आकर्षक दुनिया

(ख) देशभक्ति और हम

(ग) विश्व में बढ़ता आतंकवाद

(घ) विद्यार्थियों की चुनौतियाँ

4. आप अपने विद्यालय के आसपास स्वच्छ एवं हरित क्षेत्र विकसित करना चाहते हैं। इसके लिए सुझाव देते हुए एवं सहयोग की प्रार्थना करते हुए प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए। 5

***अथवा***

आप लाजपत नगर, नई दिल्ली के निवासी धीरज/भावना हैं। आपके क्षेत्र में काफी समय से अवैध-निर्माण चल रहा है। इसकी शिकायत करते हुए दक्षिणी दिल्ली, नगर निगम के आयुक्त को पत्र लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए–

(क) भारत का पहला समाचार पत्र कौन सा था? (1×5=5)

(ख) आज़ादी से पहले के हिंदी के दो पत्रकारों के नाम लिखिए।

(ग) सिनेका का आविष्कार किसने किया?

(घ) जनसंचार माध्यमों में द्वारपाल की क्या भूमिका होती है?

(ङ) वॉचडॉग पत्रकारिता किसे कहते हैं?

6. 'लोकप्रिय होती कबड्डी' विषय पर फीचर लिखिए। 5

***अथवा***

'सोशल मीडिया कितना सही कितना गलत' विषय पर आलेख लिखिए।

**खंड-'ग'**

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

और माँ ने कहा होगा,
दु:ख कितना बहा होगा,
आँख में किस लिए पानी
वहाँ अच्छा है भवानी

वह तुम्हारा मन समझकर,
और अपनापन समझकर,
गया है सो ठीक ही है,
यह तुम्हारी लीक ही है,

पाँव जो पीछे हटाता,

कोख को मेरी लजाता,
इस तरह होओ न कच्चे,
रो पड़ेंगे और बच्चे

पिताजी ने कहा होगा,
हाय, कितना सहा होगा,
कहाँ, मैं रोता कहाँ हूँ,
धीर मैं खोता, कहाँ हूँ

(क) माँ ने भवानी के पिता को क्या-क्या कहकर सांत्वना दी? 2

(ख) माँ को कब लज्जा का अनुभव होता? 2

(ग) माँ के व्यक्तित्व की किन-किन विशेषताओं का पता चलता है? 2

(घ) भवानी के पिता की मनोदशा का वर्णन कीजिए। 2

***अथवा***

सबसे खतरनाक होता है
मुर्दा शांति से भर जाना
न होना तड़प का सब सहन कर जाना
घर से निकलना काम पर
और काम से लौटकर घर आना
सबसे खतरनाक होता है
हमारे सपनों का मर जाना
सबसे खतरनाक वह घड़ी होती है
आपकी कलाई पर चलती हुई भी जो
आपकी निगाहों में रूकी होती है।

(क) कवि के अनुसार कौन सी स्थिति सबसे खतरनाक होती है? 2

(ख) 'सपनों का मर जाना' का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) घड़ी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? 2

(घ) 'मुर्दा शांति' का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी
अब त बेलि फैलि गयी, आणंद-फल होयी
दूध की मथनियाँ बड़े प्रेम से विलोयी
दधि मथि घृत काढ़ि लियो, डारि दयी छोयी।

(क) प्रस्तुत काव्यांश में श्रीकृष्ण के प्रति मीरा के भक्ति-भाव को स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) काव्यांश की भाषा-शैली एवं अलंकार-सौंदर्य पर टिप्पणी लिखिए। 3

***अथवा***

प्रतिक्षण नूतन वेश बनाकर रंग-बिरंग निराला।
रवि के सम्मुख थिरक रही है नभ में वारिद-माला।
नीचे नील समुद्र मनोहर ऊपरी नील गगन है।
घन पर बैठ, बीच में बिचरूँ यही चाहता मन है।

(क) कवि के प्रकृति-प्रेम को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) काव्यांश की भाषा शैली एवं अलंकार-सौंदर्य पर टिप्पणी लिखिए। 3

9. पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) 'आओ मिलकर बचाएँ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि दिल के भोलेपन के साथ-साथ अक्खड़पन और जुझारूपन को भी बचाने की आवश्यकता क्यों है? 2

(ख) 'वे आँखें' कविता में किसान की पीड़ा के लिए किन्हें जिम्मेदार बताया गया है? 2

(ग) 'गज़ल' में 'दरख्तों का साया' और 'धूप' किसके प्रतीक हैं? 2

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

आप बहुत धीर-गंभीर प्रसिद्ध थे। उस सारी धीरता-गंभीरता का आपने इस बार कौंसिल में बेकानूनी कानून पास करते और कनवोकेशन वक्तृता देते समय दिवाला निकाल दिया। यह दिवाला तो इस देश में हुआ। उधर विलायत में आपके बार-बार इस्तीफ़ा देने की धमकी ने प्रकाश कर दिया कि जड़ हिल गई है। अंत में वहाँ भी आपको दिवालिया होना पड़ा और धीरता-गंभीरता के साथ दृढ़ता को भी तिलांजलि देनी पड़ी। इस देश के हाकिम आपकी ताल पर नाचते थे, राजा-महाराजा डोरी हिलाने से सामने हाथ बाँधे हाज़िर होते थे। आपके एक इशारे में प्रलय होती थी। कितने ही राजों को मट्टी के खिलौने की भाँति आपने तोड़-फोड़ डाला। कितने ही मटटी-काठ के खिलौने आपकी कृपा के जादू से बड़े-बड़े पदाधिकारी बन गए। आपके इस इशारे में इस देश की शिक्षा पायमाल हो गई, स्वाधीनता उड़ गई।

बंग देश के सिर पर आरह रखा गया। आह, इतने बड़े माइ लॉर्ड का यह दर्जा हुआ कि फौजी अफ़सर उनके इच्छित पद पर नियत न हो सका और उनको उसी गुस्से के मारे इस्तीफ़ा दाखिल करना पड़ा, वह भी मंजूर हो गया। उनका रखया एक आदमी नौकर न रखा, उलटा उन्हीं को निकल जाने का हुक्म मिला!

(क) लॉर्ड कर्जन का भारत में कैसा प्रभाव था? 2

(ख) लॉर्ड कर्जन ने भारत के साथ कैसा व्यवहार किया? 2

(ग) लॉर्ड कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ा? 2

***<u>अथवा</u>***

नौकरी में औहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मज़ार है। निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए। ऐसा काम ढूँढ़ना जहाँ कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है जिससे सदैव प्यास बुझती है। वेतन मनुष्य देता है इसी से उसमें वृद्धि नहीं होती। ऊपरी आमदनी ईश्वर देता है, इसी से उसकी बरकत होती है, तुम स्वयं विद्वान हो, तुम्हें क्या समझाऊँ। इस विषय में विवेक की बड़ी आवश्यकता है। मनुष्य को देखो, उसकी आवश्यकता को देखो और अवसर को देखो, उसके उपरांत जो उचित समझो, करो। गरज़वाले आदमी के साथ कठोरता करने में लाभ ही लाभ है। लेकिन बेगरज़ का दाँव पर पाना ज़रा कठिन है। इन बातों को निगाह में बाँध लो। यह मेरी जन्मभर की कमाई है।

(क) 'निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए।' का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) मासिक वेतन को पूर्णमासी का चाँद क्यों कहा गया है? 2

(ग) जरूरतमंद व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार करने की सीख दी गई है और क्यों? 2

11. निम्नलिखित में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $3 \times 3 = 9$

(क) फिल्मकार सत्यजित राय ने किसे अपनी खुशकिस्मती बनाया है?

(ख) 'मोहन गाँव की इन मान्यताओं से अपरिचित हो ऐसा संभव नहीं था'–'गलता लोहा' कहानी के आधार पर बताइए कि इस कथन में किन मान्यताओं की ओर संकेत किया गया है?

(ग) ये माने की चोटियाँ बूढ़े लामाओं के जाप से उदास हो गई हैं–इस पंक्ति के माध्यम से लेखक ने युवा-वर्ग से क्या आग्रह किया है?

(घ) 'आत्मा का का ताप' पाठ में लेखक कर्म के विषय में युवाओं को क्या संदेश देता है। इससे आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

12. अकेली रहने वाली महिलाओं को समाज संदेह की दृष्टि से देखता है। संघर्षरत महिलाओं के प्रति समाज के इस दृष्टिकोण को बदलने में आप कैसे योगदान दे सकते हैं? 'आलो आंधारि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

13. (क) राजस्थान में उपलब्ध पानी को कितने रूपों में बाँटा गया है? इसकी क्या विशेषता है? 5

(ख) कुमार गंधर्व ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है? उदाहरण सहित लिखिए। 5